**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**वाणिज्य विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4802**

<u>दिनांक 29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

**कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात**

**4802. श्री खगेन मुर्मु :**
**श्री महाबली सिंह :**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष और आगामी वर्ष के दौरान कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है;
(ख) क्या वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान आज की तिथि तक भारत के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात में पर्याप्त वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) उक्त अवधि के दौरान कृषि निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि का किसानों की आय पर क्या प्रभाव पड़ा है;
(ड.) क्या सरकार ने कृषि निर्यात नीति के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न राज्यों के साथ कोई परामर्श किया है ;और
(च) यदि हां ,तो देश में विगत तीन वर्षों के दौरान कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एपीडा द्वारा की गई विभिन्न पहलों और किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री</u>**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (ग) सरकार वर्तमान वित्त वर्ष अर्थात 2021-22 की तुलना में 2022-23 में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों सहित निर्यात निष्पादन की मॉनिटरिंग कर रही है। वर्ष 2023-24 के लिए निर्यात के लिए अभी तक कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। वर्तमान वित्त वर्ष (अप्रैल 2022 – जनवरी 2023) के दौरान, कृषि निर्यात 43.37 बिलियन अमरीकी डालर रहा है,

जो पिछले वित्त वर्ष की अर्थात अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 की अवधि के दौरान 40.90 बिलियन अमरीकी डालर के निर्यात की तुलना में 6.04% की वृद्धि दर्ज करता है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, भारत का कृषि निर्यात 50.21 बिलियन अमरीकी डालर के उच्चतम स्तर तक पहुँच गया।

(घ) कृषि निर्यात में वृद्धि से किसानों की आमद में वृद्धि होती है और उनकी आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। किसानों को निर्यात से लाभ सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने किसान उत्पादक संगठनों/कंपनियों (एफपीओ/एफपीसी) और सहकारी समितियों को सीधे निर्यातकों के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए किसान कनेक्ट पोर्टल लॉन्च किया है।

(ड.) सरकार ने कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य और जिला स्तर पर कई कदम उठाए हैं। राज्य विशिष्ट कार्य योजनाएं तैयार की गई हैं और कई राज्यों में राज्य स्तरीय निगरानी समितियां (एसएलएमसी), कृषि निर्यात के लिए नोडल एजेंसियां और क्लस्टर स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। सरकार कृषि निर्यात नीति (एईपी) के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए निर्यात हब के रूप जिला में (डीईएच) पहल का उपयोग कर रही है। डीईएच पहल के अन्तर्गत निर्यात क्षमता वाले कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों सहित उत्पादों की पहचान देश के सभी 733 जिलों में की गई है। 28 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राज्य निर्यात कार्यनीति तैयार की गई है।

(च) कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के लिए निर्यात संवर्धन गतिविधियों में सतत् लगा है और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एपीडा 'कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात संवर्धन स्कीम' को कार्यन्वित करता है। स्कीम के विभिन्न घटकों अर्थात् अवसंरचना विकास, बाजार विकास और गुणवत्ता विकास के तहत विभिन्न विकासात्मक क्रियाकलाप किए जाते हैं और निर्यातकों को सहायता प्रदान की जाती है। एपीडा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लेने, वर्चुअल व्यापार मेलों का आयोजन करेंगे, क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजन करने और जीआई उत्पादों के निर्यात संवर्धन के लिए विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ सहयोग कर रहा है। एपीडा ने निर्यात क्षमता वाले नए उत्पादों और नए गंतव्यों के लिए परीक्षण शिपमेंट की सुविधा भी प्रदान की है। निर्यात संवर्धन गतिविधियों के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया में हितधारकों की भागीदारी के मुद्दे का हल करने हेतु, वाणिज्य विभाग ने एपीडा के तत्वावधान में व्यक्तिगत उत्पादों के लिए निर्यात संवर्धन मंचों (ईपीएफ) की स्थापना की है। ईपीएफ में व्यापार/उद्योग, संबंधित मंत्रालयों/विभागों, नियामक एजेंसियों, अनुसंधान संस्थानों, राज्य सरकारों आदि का प्रतिनिधित्व होता है। चावल,

केला, अंगूर, आम, प्याज, डेयरी उत्पाद, पोषक अनाज, अनार और फ्लोरीकल्चर के लिए क्रमशः 9 ईपीएफ का गठन किया गया है। एपीडा ने हाल के दिनों में कृषि उत्पादों के लिए कनाडा, चीन, दक्षिण कोरिया, ताइवान, पुर्तगाल, इंडोनेशिया, ईरान आदि जैसे देशों में नए बाजारों को खोलने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एपीडा किसान समूहों को निर्यात-बाजार लिंकेज प्रदान करने और उद्यमियों को संभावित निर्यातक बनने में सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य विभागों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और निर्यातकों के लिए कृषि विकास केंद्रों के सहयोग से कृषि-निर्यात समूहों और राज्यों में क्षमता निर्माण/प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। एपीडा ने कृषि निर्यात के विकास के लिए संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, पशुपालन और डेयरी विभाग और विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के साथ सहक्रिया के भी प्रयास किए हैं।

*****

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.4789

<u>दिनांक 29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

**मसाला बोर्ड**

**4789**. **डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंता:**
**श्री दयाकर पसुनूरीः**
**डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:**
**श्रीमती कविता मलोथू:**

क्या **वाणिज्य और** उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश के गुना और राजस्थान के रामगंज मंडी में धनिया के लिए दो मसाला बोर्ड हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मिर्च के लिए भी तीन मसाला बोर्ड हैं जिसमें से एक आंध्र प्रदेश के गुंटूर में, एक मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में और एक तमिलनाडु के शिवगंगा में स्थित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार को निजामाबाद में हल्दी बोर्ड की स्थापना करने के लिए किन-किन बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है?

**उत्तर**

**<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री</u>**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (ग): जी नहीं। मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 के तहत स्थापित एक वैधानिक स्वायत्त निकाय मसाला बोर्ड को हल्दी, धनिया और मिर्च सहित 52 मसालों को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसलिए, देश में हल्दी बोर्ड या किसी अन्य मसाला विशिष्ट बोर्ड की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****

भारत सरकार                                                    लोक सभा
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय                                     अतारांकित प्रश्न सं.4759
वाणिज्य विभाग

<u>दिनांक 29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

**लाल मिर्च का निर्यात**

**4759. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:**

**क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या लाल मिर्च की तेजा किस्म का खम्मम से मुख्यतः चेन्नई और अन्य पत्तनों के माध्यम से चीन, बांग्लादेश और कुछ अन्य दक्षिण एशियाई देशों को निर्यात किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या मसाला प्रसंस्करण उद्योगों की बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप इस वस्तु के निर्यात की मात्रा में वृद्धि हो रही है;

(ग) क्या अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेजा लाल मिर्च की भारी मांग के बावजूद किसानों को खेती की लागत में तीव्र वृद्धि और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अभाव के कारण निवेश की वसूली करने में कठिनाई हो रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(ङ) क्या जो किसान शीतागारों में लंबे समय तक भारी भंडार रख सकते हैं, वे इस वस्तु की विशाल निर्यात क्षमता का समृद्ध लाभ उठा रहे हैं; और

(च) यदि हां, तो वर्ष 2014 से आज की तिथि तक, विशेषकर खम्मम और गुंटूर सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री</u>**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): जी हाँ। तेलंगाना में खम्मम जिला लाल मिर्च की तेजा किस्म के प्रमुख उत्पादकों में से एक है और यह तेजा किस्म भारत से, बांग्लादेश आदि जैसे विभिन्न देशों को निर्यात की जा रही है। भारत से मिर्च के लिए शिपमेंट का प्रमुख बंदरगाह चेन्नई बंदरगाह है।

(ख):भारत से मिर्च के प्रजाति वार निर्यात का ब्यौरा उपलब्ध नहीं है क्योंकि मिर्च की विभिन्न प्रजातियों के लिए आईटीसीएचएस कोड नहीं है। भारत से मिर्च का निर्यात 2017-18 में 4,43,900 एम टी से बढ़कर 2021-22 में 5,57,168 एम टी हो गया ।

(ग) और (घ): तेजा लाल मिर्च की इसकी गुणवत्ता जिसमें उच्च तीखापन और बहुत अच्छा रंग शामिल है के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारी मांग है। 2021-22 में, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मिर्च का उत्पादन एक इनवेसिव पेस्ट, ब्लैक थ्रिप्स (थ्रिप्सपरविस्पिनस कर्नी) से प्रभावित हुआ था और खेती की उच्च

लागत ब्लैक थ्रिप्स प्रबंधन पर अतिरिक्त निवेश के कारण थी। इसके अलावा, 2022-23 के दौरान कीमतों में वृद्धि हुई है और पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष में गुंटूर बाजार में मिर्च की वार्षिक औसत कीमत नीचे दी गई है:-

| गुंटूर बाजार- मिर्च | |
|---|---|
| **वर्ष** | **कीमत (₹/क्विंटल)** |
| 2017-18 | 5639 |
| 2018-19 | 7716 |
| 2019-20 | 11636 |
| 2020-21 | 10272 |
| 2021-22 | 11267 |
| 2022-23 (अप्रैल से फरवरी) | 16417 |

स्रोत: सुपारी और मसाला विकास निदेशालय

(ङ) और (च): आमतौर पर मिर्च की कीमतें कटाई के मौसम की तुलना में ऑफ सीजन के दौरान अधिक होती हैं। यह किसानों के लिए एक नियमित परम्परा है कि किसान ऑफ सीजन में मांग को पूरा करने के लिए शीत ग्रहों में अपना स्टॉक रखते हैं।

मिर्च के राज्य-वार उत्पादन के आंकड़े अनुबंध-I के रूप में संलग्न हैं। खम्मम और गुंटूर जिलों में मिर्च के उत्पादन के आंकड़े अनुबंध-II के रूप में संलग्न हैं।

***********

लोकसभा में दिनांक 29-03-2023 को उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 4759 के भाग (ड.) और (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

अनुबंध -I

भारत में लाल मिर्च का उत्पादन – राज्य-वार (उत्पादन '000 टन में )

| राज्य | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 601.993 | 739.621 | 618.420 | 1031.338 | 618.348 | 501.407 | 805.026 | 796.653 | 417.813 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4.4 | 7.5 | 8.288 | 7.000 | 0.807 | 0.851 | 0.851 | 2.377 | 0.005 |
| असम | 16.476 | 18.381 | 17.736 | 18.207 | 18.994 | 18.984 | 21.867 | 20.189 | 20.611 |
| बिहार | 4.591 | 2.734 | 2.051 | 3.022 | 2.733 | 4.756 | 4.713 | 3.652 | 3.617 |
| छत्तीसगढ | 4.629 | 3.576 | 3.039 | 4.321 | 1.498 | 3.049 | 3.249 | 3.249 | 3.107 |
| गुजरात | 33.304 | 26.936 | 26.910 | 26.031 | 22.072 | 21.444 | 18.905 | 23.345 | 28.778 |
| हरियाणा | 4.219 | 4.219 | 4.219 | 4.000 | 4.000 | 4.080 | 4.027 | | |
| हिमाचल प्रदेश | 0.653 | 0.15 | 0.217 | 0.239 | 0.239 | 0.199 | 0.276 | 0.397 | 0.433 |
| जम्मू और कश्मीर | 0.6757 | 0.3463 | 0.532 | 0.532 | 0.346 | 0.540 | 0.556 | 0.551 | 0.512 |
| कर्नाटक | 114.154 | 118.488 | 103.242 | 260.143 | 191.475 | 194.758 | 129.238 | 147.049 | 177.311 |
| मध्य प्रदेश | 132.39 | 100.171 | 132.438 | 303.626 | 232.699 | 217.548 | 208.634 | 315.598 | 319.824 |
| महाराष्ट्र | 35.875 | 35.875 | 35.875 | 3.432 | 14.134 | 14.025 | 22.434 | 24.484 | 19.876 |
| मणिपुर | 3.9 | 3.9 | 3.900 | 3.900 | 3.900 | 0.001 | 0.001 | | 1.560 |
| मिजोरम | 9.1 | 9.33 | 9.330 | 10.918 | 10.918 | 10.918 | 10.918 | 10.918 | 10.918 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागालैंड | 47.904 | 48.791 | 50.391 | 40.887 | 0.805 | 1.798 | 1.754 | 4.328 | 1.572 |
| ओडिशा | 74.367 | 73.575 | 68.567 | 69.166 | 69.280 | 69.280 | 69.280 | 69.280 | 69.257 |
| पंजाब | 17.7 | 17.7 | 14.084 | 14.084 | 14.084 | 16.656 | 16.955 | 17.630 | 19.963 |
| राजस्थान | 11.456 | 12.92 | 18.218 | 18.781 | 13.282 | 14.356 | 20.033 | 10.925 | 13.378 |
| तमिलनाडु | 11.294 | 29.391 | 23.762 | 20.585 | 18.108 | 14.000 | 29.618 | 25.057 | 26.382 |
| तेलंगाना | 279.777 | 253.26 | 227.610 | 482.872 | 340.804 | 369.016 | 436.378 | 536.541 | 651.344 |
| त्रिपुरा | 3.7 | 3.7 | 3.700 | 7.208 | 6.312 | 6.545 | 6.664 | 6.698 | 6.960 |
| उत्तर प्रदेश | 10.951 | 11.149 | 10.260 | 10.260 | 12.578 | 12.716 | 11.808 | 12.065 | 25.410 |
| उत्तराखंड | 7.2 | 7.2 | 7.200 | 7.200 | 7.200 | 9.474 | 9.632 | 9.685 | 9.334 |
| पश्चिम बंगाल | 100 | 98.48 | 100.338 | 100.338 | 105.750 | 8.300 | 8.576 | 7.821 | 7.783 |
| पांडिचेरी | 0.039 | 0.076 | 0.030 | 0.026 | 0.064 | 0.076 | 0.093 | 0.011 | 0.133 |
| अंडमान और निकोबार | 0.605 | 0.605 | 0.605 | 1.474 | 0.300 | 0.781 | 0.313 | 0.118 | 0.340 |
| **कुल (अन्य सहित)** | **1534.1947** | **1631.5353** | **1494.691** | **2449.59** | **1,710.731** | **1,515.557** | **1841.799** | **2048.622** | **1836.222** |

स्रोत: सुपारी और मसाला विकास निदेशालय

लोकसभा में दिनांक 29-03-2023 को उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 4759 के भाग (ड.) और (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

**अनुबंध- II**

**खम्मम और गुंटूर में लाल मिर्च का उत्पादन ('000 टन में उत्पादन)**

| वर्ष | खम्मम | गुंटूर |
|---|---|---|
| 2013-14 | 125.821 | 332.309 |
| 2014-15 | 114.077 | 408.521 |
| 2015-16 | 95.208 | 266.708 |
| 2016-17 | 114.374 | 507.830 |
| 2017-18 | 135.255 | 351.097 |
| 2018-19 | 107.101 | 262.570 |
| 2019-20 | 150.235 | 456.253 |
| 2020-21 | 174.056 | 411.662 |
| 2021-22 | 186.367 | 165.177 |

स्रोत: सुपारी और मसाला विकास निदेशालय

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4745

दिनांक 29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

## वनस्पति तेलों का आयात

**4745 श्री रामदास तडसः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का खाद्य तेलों की कीमतों में वृद्धि को देखते हुए वनस्पति तेल आयात करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इंडोनेशिया और मलेशिया सहित देश/मात्रा–वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ऐसे आयातों के परिणामस्वरूप देश में तिलहन के उत्पादकों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा किसानों के हितों की रक्षा के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है ?

**उत्तर**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

**(क) और (ख):** सरकार द्वारा वनस्पति तेलों का आयात करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। खाद्य तेलों की आयात नीति 'मुक्त' है, और निजी आयातक निर्यात करने वाले देशों से खाद्य तेलों का आयात कर सकते हैं। इसके अलावा, प्रमुख खाद्य तेलों के घरेलू थोक और फुटकर मूल्यों में गिरावट की प्रवृति है।

**(ग) और (घ):** सरकार देश में वनस्पति तेलों की उपलब्धता को बढ़ाने तथा तिलहन (मूंगफली, सोयाबीन, रेपसीड और सरसो, सूरजमुखी, कुसुम, तिल का तेल, नाइजर, अलसी और अरंडी) के उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करके तथा पाम तेल तथा पेड़ों पर उगने वाले तिलहन (जैतून, महुआ, कोकुम, जंगली खुबानी, नीम, जोजोबा, करंजा, सिमारोबा, तुंग, चिऊरा और रतनजोत) का क्षेत्र विस्तार करके खाद्य तेलों के आयात को कम करने के लिए वर्ष 2018–19 से एक केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन–तिलहन और पाम तेल (एनएफएसएम–ओएस एंड ओपी) का कार्यान्वयन कर रही है।

सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह पर विशेष ध्यान देते हुए खाद्य तेलों में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पाम ऑयल की खेती को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2021 में पाम तेल हेतु एक अलग मिशन अर्थात राष्ट्रीय खाद्य तेल (पाम तेल) मिशन–एनएमईओ (ओपी) लांच किया है। एनएमईओ (ओपी) को वर्ष 2021–22 से वर्ष 2025–26 तक अतिरिक्त 6.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु लांच किया गया है।

देश में एनएफएसएम–तिलहन और एनएमईओ (ओपी) दोनों का तिलहन और पाम तेल के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाकर खाद्य तेलों की उपलब्धता को बढ़ाने और आयात बोझ को कम करने के उद्देश्य से कार्यान्वयन किया जा रहा है। इन प्रमुख पहलों के कारण तिलहनों के क्षेत्र, उत्पादन और पैदावार में वृद्धि हुई है।

****

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4716

दिनांक 29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

## माल और सेवा निर्यात

**4716 श्री बी. मणिक्कम टैगोरः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या इस वित्त वर्ष में भारत के माल और सेवा निर्यात के 750 बिलियन डॉलर को पार कर जाने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या चीन के साथ व्यापार घाटा साल–दर–साल बढ़ता जा रहा है और यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार आयात को नियंत्रित करने के लिए गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठा रही है; और

(ड.) यदि, हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख)ः समग्र (व्यापारिक वस्तुओं और सेवाओं) का निर्यात वर्ष 2021–22 (अप्रैल–फरवरी) में 605.01 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढकर वर्ष 2022–23 (अप्रैल–फरवरी) में 702.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, जो 16.18 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज करता है। विकास की इसी गति को मानते हुए, वर्ष 2022–23 के लिए भारत के समग्र निर्यात के 750 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार करने की आशा है।

(ग)ः चीन के साथ भारत के व्यापार घाटे में 2017–18 से 2020–21 तक प्रत्येक वर्ष उत्तरोत्तर रूप से कमी आई है। इसमें 2020–21 की तुलना में 2021–22 में वृद्धि हुई है।

(घ) और (ड.)ः सरकार ने गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और आयात को कम करने हेतु निम्नलिखित प्रमुख कदम उठाए हैंः

1. निवेश को सुविधाजनक बनाने, नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने, सर्वश्रेष्ठ अवसंरचना का निर्माण करने, और भारत को विनिर्माण, डिजाइन और नवीनता का एक हब बनाने के लिए ''मेक इन इंडिया'' को 25 सितम्बर, 2014 को लॉन्च किया गया था। यह प्रथम 'वोकल फॉर लोकल' पहलों मे से एक थी जिसने भारत के विनिर्माण क्षेत्र को दुनिया के सामने उजागर किया।

2. ''मेक इन इंडिया'' ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं और अब ''मेक इन इंडिया 2.0'' के तहत 27 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) 15 विनिर्माण क्षेत्रों के लिए कार्य योजनाओं का समन्वय करता है, जबकि वाणिज्य विभाग 12 सेवा क्षेत्र योजनाओं के समन्वय का कार्य देख रहा है।

3. विभिन्न विभागों और मंत्रालयों की चल रही स्कीमों के अलावा, सरकार ने भारत में घरेलू और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें वस्तु एवं सेवा कर की शुरुआत, कॉर्पोरेट टैक्स में कमी, व्यापार करने में सुगमता में सुधार के लिए कार्रवाई, एफडीआई नीति संबंधी सुधार, अनुपालन बोझ में कमी लाने हेतु उपाय, सार्वजनिक खरीद आदेशों के माध्यम से घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत उपाय, चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम (पीएमपी) जैसे कुछ नाम शामिल हैं।

4. केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच समन्वय से निवेशों में तेजी लाने और भारत में निवेश योग्य परियोजनाओं का दायरा बढ़ाने और परिणामस्वरुप घरेलू निवेश और एफडीआई अंतर्वाह को बढ़ाने के लिए 29 मंत्रालयों/विभागों में परियोजना विकास प्रकोष्ठ (पीडीसी) स्थापित किए गए हैं।

5. भारत के 'आत्मनिर्भर' बनने के विज़न को ध्यान में रखते हुए, 14 प्रमुख क्षेत्रों [1.97 लाख करोड़ रुपये के (26 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक) प्रोत्साहन परिव्यय के साथ] के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीमें भारत की विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात को बढ़ाने के लिए कार्यान्वित की जा रही हैं। ये प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं: (i) मोबाइल विनिर्माण और विनिर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक संघटक, (ii) क्रिटिकल की स्टार्टिंग मैटेरियल्स/ड्रग इंटरमीडियरीज एंड एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (iii) चिकित्सा उपकरणों का विनिर्माण, (iv) ऑटोमोबाइल्स और ऑटो कंपोनेंट्स, (v) फॉर्मास्युटिकल्स ड्रग्स, (vi) विशेष इस्पात (vii) दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद (viii) इलेक्ट्रॉनिक/प्रौद्योगिकी उत्पाद, (ix) व्हाइट गुड्स (एसी और एलईडी), (x) खाद्य उत्पाद, (xi) वस्त्र उत्पादः एमएमएफ सेगमेन्ट और तकनीकी वस्त्र, (xii) उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉडयूल, (xiii) उन्नत केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी, और (xiv) ड्रोन और ड्रोन संघटक।

6. भारत में निवेश करने और अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को सहायता और सुविधा प्रदान करने के लिए सचिवों का एक अधिकार प्राप्त समूह (ईजीओएस) बनाया गया है।

****

**भारत सरकार** **लोक सभा**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं.4704**
**वाणिज्य विभाग**

**<u>दिनांक 29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>**

## चीनी वस्तुओं का आयात

**4704. डॉ.टी.आर.पारिवेन्धर :**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार चीन से अरबों डॉलर मूल्य के कच्चे माल और मध्यवर्ती उत्पादों के आयात के अतिरिक्त चीनी वस्तुओं के आयात में वृद्धि से चिंतित है, जो आत्मनिर्भर भारत पहल की उसकी रणनीति को निष्फल करता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान चीन से आयात किए गए तैयार माल, कच्चे माल और मध्यवर्ती उत्पादों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है और इन मदों पर कितनी राशि खर्च की गई है?

**उत्तर**

**<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री</u>**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (ख): सरकार आयात में वृद्धि की नियमित आधार पर निगरानी करती है और घरेलू बाधाओं, आपूर्ति में क्लिष्टता का हल निकालने और उचित कार्रवाई से इन्हें ठीक करने के उपाय करने के लिए इसे संबंधित मंत्रालयों/विभागों के ध्यान में लाती है। चीन से आयातित कुछ मध्यवर्तियों और कच्चे माल जैसे सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्रियां, इलेक्ट्रॉनिक संघटकों, ऑटो संघटकों आदि का उपयोग तैयार उत्पाद बनाने के लिए भी किया जाता है जिसे भारत से बाहर भी निर्यात किया जाता हैं। सरकार द्वारा पाटन,आयात में अचानक वृद्धि और अनुचित व्यापार कार्यप्रणालियों को रोकने के लिए उचित व्यापार उपचार उपाय भी किए जाते हैं।

सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 14 कार्यनीतिक क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन स्कीम शुरू की है, जिसका उद्देश्य भारतीय विनिर्माताओं को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना, कोर सक्षमता/अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करना, निर्यात बढ़ाना, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत को एकीकृत करना और आयात पर निर्भरता कम करना है।

(ग): पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान प्रमुख वस्तु समूहों में चीन से भारत के आयात का विवरण **अनुबंध** में देखा जा सकता है।

********

अनुबंध

29/03/2023 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4704 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान प्रमुख वस्तु समूहों का भारत का चीन से आयात

मूल्य (मिलियन अमेरीकी डॉलर में)

| क्र.सं. | वस्तु समूह | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कपास कच्चा एवं अपशिष्ट | 8.07 | 0.02 | 0.88 |
| 2 | वनस्पति तेल | 0.56 | 0.22 | 0.91 |
| 3 | दालें | 51.58 | 46.36 | 24.77 |
| 4 | फल और सब्जियां | 48.41 | 36.69 | 37.88 |
| 5 | लुगदी और रद्दी कागज | 24.34 | 20.84 | 24.37 |
| 6 | वस्त्र यार्न फैब्रिक, मेडअप आर्टिकल्स | 895.03 | 700.60 | 970.88 |
| 7 | उर्वरक, अपरिष्कृत और विनिर्मित | 1820.93 | 1551.23 | 2953.45 |
| 8 | गंधक और अनरोस्टेड आयरन पायराइट्स | 0.21 | 0.13 | 0.12 |
| 9 | मेटलीफेरस अयस्क और अन्य खनिज | 261.54 | 238.42 | 372.64 |
| 10 | कोयला, कोक और ब्रिकेट, आदि | 160.32 | 20.71 | 477.24 |
| 11 | पेट्रोलियम, अपरिष्कृत और उत्पाद | 340.44 | 183.63 | 431.32 |
| 12 | लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद | 784.43 | 525.75 | 707.27 |
| 13 | चमड़ा और चमड़ा उत्पाद | 236.49 | 114.30 | 178.92 |
| 14 | कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन | 5197.64 | 5693.70 | 8486.57 |
| 15 | डाइंग/टैनिंग/कलरिंग सामग्री | 779.54 | 775.01 | 1211.26 |
| 16 | कृत्रिम रेजिन, प्लास्टिक सामग्री, आदि | 3165.79 | 2741.78 | 4696.03 |
| 17 | रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 2467.49 | 2721.34 | 3568.67 |
| 18 | अखबारी कागज | 0.00 | 0.01 | 0.00 |
| 19 | मोती, कीमती और अर्द्ध कीमती पत्थर | 61.24 | 45.20 | 74.07 |
| 20 | लोहा और इस्पात | 2706.35 | 2208.84 | 2976.06 |
| 21 | अलौह धातुएं | 1855.26 | 1460.08 | 2312.12 |
| 22 | मशीनी उपकरण | 1026.74 | 1109.88 | 1573.18 |
| 23 | मशीनरी, इलेक्ट्रिकल और गैर-इलेक्ट्रिकल | 10865.44 | 10220.49 | 13664.89 |
| 24 | परिवहन उपकरण | 2470.58 | 2374.43 | 3104.84 |
| 25 | परियोजना वस्तुएँ | 438.28 | 347.92 | 196.45 |
| 26 | व्यावसायिक उपकरण, ऑप्टिकल सामान, आदि | 758.15 | 930.46 | 1532.17 |
| 27 | इलेक्ट्रॉनिक सामान | 21374.09 | 23936.27 | 35849.51 |
| 28 | औषधीय और फार्मास्युटिकल उत्पाद | 2562.85 | 2903.41 | 3481.49 |
| 29 | सोना | 0.00 | | |
| 30 | चाँदी | 46.26 | 51.76 | 139.44 |
| 31 | अन्य | 4852.68 | 4252.76 | 5523.15 |

**भारत सरकार** **लोक सभा**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 4669**
**वाणिज्य विभाग**

**दिनांक 29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**अमरीका के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग**

**4669. श्री उपेन्द्र सिंह रावत :**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करने के लिए हाल ही में अमरीकी वाणिज्य मंत्री के साथ कोई बैठक हुई थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस बातचीत के माध्यम से नए व्यापार और निवेश अवसरों को खोलने की दिशा में होने वाले लाभों का ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत दो वर्षों के दौरान विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठकों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) इस संबंध में बातचीत से देश को क्या लाभ प्राप्त हुआ है?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) जी हाँ.

(ख) एवं (ग) अमरीकी वाणिज्य सचिव के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने भारत अमरीका वाणिज्यिक वार्ता के लिए 10 मार्च, 2023 को नई दिल्ली का दौरा किया जिसकी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री और अमरीकी वाणिज्य सचिव ने सह-अध्यक्षता की।
भारत और यूएस के बीच मंत्री स्तरीय वाणिज्यिक वार्ता एक सहकारी वचनबद्धता है ताकि व्यापार को सुकर बनाने और आर्थिक सेक्टरों की व्यापक श्रृंखला के पार निवेश के अवसरों को

अधिकतम बनाने के उद्देश्य से गैर-सरकारी क्षेत्र के संयोजन से आयोजित की जाने वाली सरकार से सरकार के बीच नियमित वार्ता सुकर बनाई जा सके।

बैठक के उपरांत भारत-यूएसए वाणिज्यिक वार्ता के फ्रेमवर्क के तहत सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला और नवाचार साझेदारी की स्थापना करते हुए भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों देशों की पूरक क्षमता का लाभ उठाना और  सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के माध्यम से  वाणिज्यिक अवसरों और सेमीकंडक्टर नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को सुगम बनाना है। इसमें पारस्परिक रूप से लाभप्रद अनुसंधान एवं विकास, प्रतिभा और कौशल विकास की परिकल्पना है।

वाणिज्यिक वार्ता के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, दोनों पक्षों ने स्टार्ट-अप्स, एसएमई, कौशल विकास और उद्यमिता पर सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिभा, नवाचार और समावेशी विकास पर एक नया कार्य दल शुरू करने की घोषणा की। यात्रा और पर्यटन कार्य दल को यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में सहयोग करने के लिए फिर से शुरू किया गया। दोनों पक्षों ने व्यवसाय से व्यवसाय साझेदारी को सुलभ बनाने के लिए मानकों, जलवायु और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और  स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग पर भी चर्चा की। संयुक्त वक्तव्य: https://commerce.gov.in/wp-content/uploads/2023/03/Final-Joint-Statement-Commercial-Dialogue-10.03.2023-1650hrs.pdf पर उपलब्ध है।

घ) द्विपक्षीय बैठकें व्यापार से संबंधित मुद्दों को सुलझाने, द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने और अन्य अवसर पैदा करने की एक सतत प्रक्रिया है। विभिन्न स्तरों पर नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं हालांकि, पिछले दो वर्षों में मंत्री स्तर पर विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित व्यक्तिगत बैठकों की सांकेतिक सूची अनुबंध (सूची संलग्न) में दी गई है।

ङ) भारतीय प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच बैठक भारत और विभिन्न देशों के बीच व्यापार और वाणिज्यिक सहयोग को गहरा करने में सहायता करेगी और विदेशी निवेशकों को भारतीय बाजार में निवेश करने का अवसर भी प्रदान करेगी।

**अनुबंध**

पिछले दो वर्षों में वाणिज्य विभाग द्वारा विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के साथ मंत्री स्तरीय बैठकों के लिए कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री स्तरीय बैठकों की सांकेतिक सूची।

| क्र.सं. | बैठक | वर्ष |
|---|---|---|
| 1. | नवंबर, 2021 में आयोजित हुआ 12वां व्यापार नीति फोरम (टीपीएफ) | 2021 |
| 2. | 12 अक्टूबर, 2021 को सोरेंटो, इटली में 20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक के साइडलाइन पर  के साथ बैठक | 2021 |
| 3. | विश्व आर्थिक मंच की साइडलाईन पर वार्षिक बैठक 22-26 मई, 2022 को अमेरिकी वाणिज्य सचिव के साथ बैठक | 2022 |
| 4. | जिनेवा में 12-17 जून 2022 तक आयोजित एमसी12 सम्मेलन के साइड लाईन पर यूएसटीआर के साथ बैठक | 2022 |
| 5. | सितंबर में लॉस एंजिल्स, यूएसए में आईपीईएफ मंत्रिस्तरीय बैठक के साइड लाईन यूएसटीआर और यूएस वाणिज्य सचिव के साथ बैठक | 2022 |
| 6. | 11 जनवरी, 2023 को टीपीएफ बैठक आयोजित करने के लिए यूएसए की यात्रा के दौरान अमेरिकी वाणिज्य सचिव के साथ बैठक | 2023 |
| 7. | 13वीं  व्यापार नीति फोरम की बैठक | 2023 |
| 8. | 10 मार्च, 2023 को भारत-अमेरिका 5वीं वाणिज्यिक वार्ता | 2023 |
| 9. | व्यापार और निवेश पर भारत-कनाडा वार्षिक मंत्रिस्तरीय वार्ता (एमडीटीआई)। | 2022 |
| 10. | जिनेवा में 12-17 जून 2022 को आयोजित 12 सम्मेलन के साईड लाईन पर कनाडा के व्यापार मंत्री के साथ बैठक | 2022 |
| 11. | सितंबर 2022 में इंडोनेशिया के बाली में जी 20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक (टीआईएमएम) की साईड लाईन पर कनाडा के व्यापार मंत्री के साथ बैठक | 2022 |
| 12. | 12 अक्टूबर, 2021 को सोरेंटो, इटली में जी20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक की साईड लाईन पर कनाडा के व्यापार मंत्री के साथ बैठक | 2021 |
| 13. | 12 अक्टूबर, 2021 को सोरेंटो, इटली में आयोजित जी 20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक की साईड लाईन पर मैक्सिकन व्यापार मंत्री से | 2021 |

| | | |
|---|---|---|
| | मुलाकात | |
| 14. | इटली में जी20 व्यापार और निवेश मंत्रियों की बैठक में 11-12 अक्टूबर 2021 के दौरान इंडोनेशिया के व्यापार मंत्री महामहिम श्री मुहम्मद लुत्फी के साथ बैठक। | 2021 |
| 15. | अक्टूबर 2021 में जी20 शिखर सम्मेलन के साईड लाईन पर श्री लॉरेंस वोंग, वित्त मंत्री, सिंगापुर के साथ बैठक। | 2021 |
| 16. | नई दिल्ली में 22 फरवरी 2022 को मलेशियाई बागवानी, उद्योग और वस्तु मंत्री सुश्री ज़ुरैदा कमरुद्दीन के साथ बैठक हुई | 2022 |
| 17. | मई 2022 में दावोस डब्ल्यूईएफ के साईड लाईन पर इंडोनेशिया के व्यापार मंत्री महामहिम श्री मुहम्मद लुत्फी के साथ बैठक। | 2022 |
| 18. | 07 जुलाई 2022 को नई दिल्ली में सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री श्री थरमन शनमुगरत्नम के साथ बैठक । | 2022 |
| 19. | महामहिम श्री आगस गुमीवांग कार्तसस्मिता, उद्योग मंत्री, इंडोनेशिया और महामहिम श्री एयरलांगगा का समन्वय मंत्री हार्टाटो 8-9 सितंबर 2022 को आईपीईएफ मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए लॉस एंजिल्स की अपनी यात्रा के दौरान बैठक हुई । | 2022 |
| 20. | 16 सितंबर 2022 को आयोजित 19वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की बैठक | 2022 |
| 21. | सीआईएम ने माननीय एफएम और माननीय ईएएम के साथ 17 सितंबर, 2022 को नई दिल्ली में 3+3 इण्डिया सिंगापुर मिनिस्ट्रियल राउण्ड टेबल (आईएसीएमआर) की सिंगापुर पक्ष से श्री लॉरेन्स वांग, वित्त मंत्री, सिंगापुर सरकार के साथ श्री गान किंम यंग, व्यापार एवं उद्योग मंत्री श्री एस ईश्वरन, प्रभारी मंत्री व्यापार संबंध और डॉ.विवियन बालकृष्नन, विदेश मंत्री सिंगापुर, आईएसएमआर में थे। | 2022 |
| 22. | सीआईएम ने 21-23 सितंबर 2022 को बाली में जी20 टीआईआईएमएम की साईड लाईन पर व्यापार मंत्री, इंडोनेशिया श्री जुल्किफली हसन के साथ बैठक की। | 2022 |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | श्री गान किम यंग, व्यापार एवं उद्योग मंत्री, सिंगापुर के साथ नई दिल्ली में 12 मार्च 2023 को बैठक। | 2023 |
| 24. | श्री जुल्किफली हसन, व्यापार मंत्री, इंडोनेशिया के साथ 14 मार्च 2023 को नई दिल्ली में बैठक। | 2023 |
| 25 | क्यूबा गणराज्य के विदेश व्यापार और विदेशी निवेश मंत्री (एमआईएनसीईएक्स) के साथ सीआईएम ने नई दिल्ली में 12.03.2020 को बैठक | 2023 |
| 26 | सीआईएम ने डॉ. नोकोलास अल्बर्टोनी, विदेश कार्य के उप मंत्री, उरुग्वे के साथ नई दिल्ली में 04.03.2023 को बैठक की | 2023 |
| 27 | श्रीमती अनुप्रिया पटेल, राज्य मंत्री ने श्री अलेजेंद्रो सीमांकास मैरियन, क्यूबा के राजदूत के साथ नई दिल्ली में 31.05.2022 को बैठक | 2022 |
| 28 | सीआईएम ने श्री सैंटियागो एंड्रेस कैफिएरो, विदेश मंत्री, अर्जेंटीना के साथ नई दिल्ली में 25.04.2022 को बैठक की | 2022 |
| 29 | सीआईएम ने मार्कोसुर-भारत व्यापार संबंधों और द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के लिए विदेश उप मंत्री, सैन्टियागो कैफिआरो के साथ 24-11-2021 को बैठक की | 2021 |
| 30 | ब्रिक्स व्यापार मंत्रियों की (वर्चुअल मोड में) 03.09.2022 को 11वीं बैठक | 2021 |
| 31 | 19 और 20 जुलाई, 2022 को आयोजित भारत-अफ्रीका साझेदारी पर सीआईआई-एक्जिम बैंक कॉन्क्लेव के सत्रहवें संस्करण के मौके पर, जुलाई, 2022 को राज्य मंत्री द्वारा गैबोनीज़ और इथियोपियाई समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की गईं। | 2022 |
| 32 | 25 जनवरी, 2023 को भारत-मिस्र व्यापार गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया था | 2023 |
| 33 | भारत-ओमान संयुक्त आयोग की बैठक (जेसीएम) का 10वां सत्र 11 मई, 2022 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया | 2022 |
| 34 | भारत-ओमान संयुक्त व्यापार परिषद (जेबीसी) का आयोजन 12 मई, 2022 को नई दिल्ली में किया गया था। | 2022 |
| 35 | 18-19 सितंबर 2022 को रियाद में आयोजित भारत-सऊदी अरब सामरिक साझेदारी परिषद (एसपीसी) के तहत अर्थव्यवस्था और निवेश समिति की पहली मंत्रिस्तरीय बैठक | 2022 |

| | | |
|---|---|---|
| 36 | एचआरएच प्रिंस अब्दुल अज़ीज़ बिन सलमान अल सऊद, ऊर्जा मंत्री, सऊदी अरब का 21 अक्टूबर, 2022 को नई दिल्ली, भारत की यात्रा। आधिकारिक व्यस्तताओं में मंत्री स्तर की बैठक और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता शामिल थी | 2022 |
| 37 | महामहिम (डॉ.) नायेफ अल हजरफ , महासचिव, खाड़ी सहयोग परिषद, ने नवंबर 2021 और नवंबर 2022 में भारत का दौरा किया और माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, श्री पीयूष गोयल के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। | 2021 और 2022 |
| 38 | नई दिल्ली में 13-15 मार्च 2023 को आयोजित सीआईआई पार्टनरशिप समिट के साईड लाईन पर सीआईएम ने यूएई और बहरीन के अपने समकक्षों से मुलाकात की। | 2023 |
| 39 | कोरिया आरपी और सीआईएम के व्यापार मंत्री के बीच 11 जनवरी 2022 को द्विपक्षीय व्यापार मुद्दों पर चर्चा करने और भारत कोरिया सीईपीए उन्नयन वार्ता की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक | 2022 |
| 40 | जापान सरकार के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री और सीआईएम के बीच देशों में आर्थिक सहयोग को गहरा करने के लिए 11 सितंबर 2022 को एक बैठक आयोजित की गई थी। | 2022 |
| 41 | भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग (जेएमसी) की 17वीं बैठक | 2021 |
| 42 | 12 अक्टूबर 2021 को 20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक (टीआईएमएम) के साईड लाईन पर सीआईएम और ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डैन तेहन के बीच द्विपक्षीय बैठकें हुईं | 2021 |
| 43 | सीआईएम और ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डैन तेहन के बीच 01.12.2021 को बैठक | 2021 |
| 44 | 02.12.2021 को सीआईएम और ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री के विशेष दूत, श्री टोनी एबॉट एसी के बीच बैठक | 2021 |
| 45 | 6-9 अप्रैल, 2022 को अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान सीआईएम और ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्री, श्री डैन तेहन के बीच बैठक | 2022 |
| 46. | 25 अप्रैल 2022 को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधान मंत्री श्री टोनी एबॉट के साथ सीआईएम की बैठक | 2022 |

| | | |
|---|---|---|
| 47. | 12-15 जून, 2022 के दौरान जिनेवा में आयोजित 12 बैठक के दौरान सीआईएम और सीनेटर डॉन फैरेल, ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्री के बीच द्विपक्षीय बैठक | 2022 |
| 48. | एमओएस (सी एंड आई) और श्री रोजर कुक विधायक, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य के उप प्रधान मंत्री और व्यापार, राज्य विकास और पर्यटन मंत्री के बीच बैठक | 2022 |
| 49. | 20.09.2022 को न्यूज़ीलैंड के व्यापार मंत्री डेमियन ओ'कॉनर के साथ सीआईएम की बैठक | 2022 |
| 50. | 29.12.2022 को ईसीटीए के लागू होने के संबंध में सीआईएम और ऑस्ट्रेलिया समकक्ष के बीच बैठक | 2022 |
| 51. | भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग (जेएमसी) की 18वीं बैठक | 2023 |

*********

**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**वाणिज्य विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.4655**

<u>दिनांक 29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

**बीज उद्योग**

**4655. श्री जुएल ओराम :**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय के अनुसार, भारतीय बीज उद्योग को बढ़ावा देने और उन्हें वैश्विक बाजारों का पता लगाने में क्या-क्या चुनौतियां विद्यमान हैं; और

(ख) जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अनुसंधान और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री</u>**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) सरकार बीजों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय कर रही है। भारत, आर्थिक सहयोग और बीज विकास संगठन (ओइसीडी) स्कीम का अक्टूबर, 2008 से सदस्य रहा है। भारत छह ओइसीडी बीज स्कीमों अर्थात अनाज, मक्का, ज्वार, क्रुसिफर और अन्य तेल या फाइबर प्रजातियां, घास और फलियां और सब्जियां में भाग ले रहा है। ओइसीडी बीज स्कीमों में भाग लेने से विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त लेबलों और प्रमाणपत्रों का उपयोग करके सदस्य देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सुकर बनता है। जब से भारत ओईसीडी बीज स्कीमों में शामिल हुआ है, पूर्वोक्त विभिन्न फसलों की 250 से अधिक भारतीय किस्मों को वैरिएटल प्रमाणन की ओईसीडी सूची में सूचीबद्ध किया गया है। भारत से बीज निर्यात को जोड़ने के लिए ओईसीडी बीज स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए राज्य बीज प्रमाणीकरण एजेंसियों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है।

(ख) जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने कार्यनीतिक अनुसंधान एवं नवाचार करने राष्ट्रीय रूप से संगत उत्पाद विकास जरूरतों का समाधान करने के लिए एक इण्टरफेस एजेन्सी के रूप में बायोटेक्नॉलोजी इण्डस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउन्सिल (बीआईआरएसी) की स्थापना की है ताकि उभरते बायोटेक उद्यमों को सशक्त एवं सुदृढ़ बनया जा सके। जैव प्रौद्योगिकी विभाग जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोधकर्ताओं को प्रतिस्पर्धी अनुदान भी प्रदान करता है।

*********

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4622

**दिनांक 29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**'रुपए' में विदेशी व्यापार**

**4622 श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाहः**
**कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विदेश व्यापार 'रुपए' में करने की पहल की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान 'रुपए' में किए गए विदेशी व्यापार का देश–वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

**(क) से (ग):** जी, हां। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ए.पी. (डीआईआर सीरीज) परिपत्र सं. 10 आरबीआई/2022–2023/90 दिनांक 11.07.2022 के तहत भारतीय रुपए में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार हेतु बीजक बनाने और भुगतान करने की अनुमति दी है। उक्त आरबीआई परिपत्र के अनुसार भारत के साथ भारतीय रुपए में व्यापार प्रारंभ करने के इच्छुक किसी साझेदार देश हेतु ढ़ांचा स्थापित कर दिया गया है। तद्नुसार, साझेदार देशों के बैंक भारत में प्राधिकृत डीलर (एडी) बैंकों से संपर्क कर सकते हैं जो बाद में समझौते के विवरण के साथ आरबीआई से अनुमोदन प्राप्त कर सकते हैं।

डीजीएफटी द्वारा भारतीय रुपए में निर्यात/आयात का बीजक बनाने, भुगतान और निपटान को अनुमत करने हेतु विदेश व्यापार नीति में संशोधन भी किए गए हैं। आरबीआई के उक्त दिशानिर्देशों के अनुसार भारतीय रुपए में प्राप्त निर्यात आय हेतु निर्यात लाभ प्रदान करने और निर्यात दायित्व की पूर्ति करने के लिए विदेश व्यापार नीति में संशोधन भी किए गए हैं।

आज की स्थिति के अनुसार, आरबीआई द्वारा 18 देशों, नामतः बोत्सवाना, फिजी, जर्मनी, गुयाना, इजरायल, केन्या, मलेशिया, मॉरीशस, म्यांमार, न्यूजीलैंड, ओमान, रूस, सेशल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तजांनिया, यूगांडा और यूनाइटेड किंगडम से संपर्ककर्ता बैंकों में विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) खोलने हेतु 60 मामलों में घरेलू और विदेशी एडी बैंकों को अनुमोदन प्रदान किए गए हैं।

****

| | |
|---|---|
| **भारत सरकार** | **लोक सभा** |
| **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** | **अतारांकित प्रश्न सं. 4819** |
| **वाणिज्य विभाग** | |

**दिनांक 29 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**जीईएम**

**4819. श्री धनुष एम. कुमारः**
**श्रीमती मंजुलता मंडलः**
**श्री जी सेल्वम.:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से किए गए कारोबार का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उस उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है जिसके लिए जीईएम पोर्टल शुरू किया गया था;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने सहकारी समितियों द्वारा क्रेता के रूप में खरीद करने की अनुमति देने के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस-विशेष प्रयोजन वाहन के अधिदेश का विस्तार करने का अनुमोदन कर दिया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या जीईएम पारदर्शी और कुशल खरीद सुनिश्चित करने के लिए सीधी खरीद, बोली लगाने और रिवर्स नीलामी के लिए साधन प्रदान करता है;

(छ) यदि हां, तो आज की तारीख के अनुसार प्रत्यक्ष खरीद, बोली और रिवर्स नीलामी का ब्यौरा क्या है और विशेषकर तमिलनाडु और ओडिशा सहित इसके राज्य वार क्या परिणाम रहे हैं; और

(ज) सरकार द्वारा अपने सभी विभागों के लिए देश में ई-बाजार के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद को अनिवार्य बनाने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) : गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से किए गए कारोबार का विवरण निम्नानुसार है:-

| वर्ष | ऑर्डर मूल्य (करोड़ रूपये में) |
|---|---|
| वित्त वर्ष 19-20 | 22,916.22 |
| वित्त वर्ष 20-21 | 38,570.57 |
| वित्त वर्ष 21-22 | 1,06,510.27 |
| वित्त वर्ष 22-23 (20/03/2023 तक) | 1,81,482.91 |

(ख) और (ग): जी हां। सरकार ने केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों, केंद्रीय और राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीयू और एसपीएसयू), स्वायत्त संस्थानों और स्थानीय निकायों के लिए पारदर्शी और कुशल तरीके से सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए एंड-टू-एंड ऑनलाइन मार्केटप्लेस प्रदान करने के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस को राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल के रूप में स्थापित करने का अनुमोदन किया था।

यह उद्देश्य मुख्य रूप से पूरा हो गया है और जीईएम ने अपनी शुरूआत से 20.03.2023 तक ₹ 3,73,354 करोड़ का कुल खरीद मूल्य प्राप्त किया है ।

(घ) और (ड.) : जी हाँ। सरकार ने जीईएम के अधिदेश का विस्तार करने के लिए जीईएम पर क्रेता के रूप में सहकारी समितियों द्वारा प्रापण की 1 जून 2022 को अपना अनुमादेन दिया ताकि अनुमति दी जा सके। जीईएम ने अपनी ऑनबोर्डिंग और प्रापण को सुविधाजनक बनाने के लिए पोर्टल पर आवश्यक प्रावधानों को सक्षम किया है। सहकारिता मंत्रालय से प्राप्त सत्यापित सूची के अनुसार जीईएम मल्टीस्टेट सहकारी समितियों और एकल-राज्य सहकारी समितियों को ऑनबोर्डिंग कर रहे है।

15 मार्च 2023 तक की स्थिति के अनुसार, 526 सहकारी समितियों को जीईएम पोर्टल पर क्रेता के रूप में ऑनबोर्ड किया गया है।

(च): जी हाँ।

(छ): प्रापण का विवरण संलग्न अनुबंध के रूप में दिया गया है।

(ज): सरकार ने जीएफआर 2017 के नियम 149 के तहत एक प्रावधान किया है जिसके तहत जीईएम पर उपलब्ध वस्तुओं या सेवाओं के लिए केंद्रीय मंत्रालयों अथवा विभागों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की खरीद अनिवार्य होगी ।

*******

अनुबंध

दिनांक 29/3/2023 को लोकसभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 4819 के (भाग छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

**जीईएम पोर्टल पर वित्त वर्ष के अनुसार खरीद की मात्रा और मूल्य**

| वित्त वर्ष | ऑर्डर मात्रा | ऑर्डर मूल्य (करोड़ में) |
|---|---|---|
| वित्त वर्ष-16-17 | 6,284 | 422.02 |
| वित्त वर्ष-17-18 | 372,624 | 5,876.53 |
| वित्त वर्ष-18-19 | 1,333,866 | 17,461.61 |
| वित्त वर्ष-19-20 | 2,181,588 | 22,916.22 |
| वित्त वर्ष-20-21 | 2,575,082 | 38,570.57 |
| वित्त वर्ष-21-22 | 3,316,454 | 106,510.27 |
| वित्त-22-23 (20/03/23 तक) | 4,679,756 | 181,482.91 |

**जीईएम पर वित्त –वर्ष वार बोली/रिवर्स नीलामी और सीधी खरीद/एल-1 खरीद आदेश मात्रा/मूल्य**

| खरीद मोड | बोली/रिवर्स नीलामी मोड | | सीधी खरीद/एल-1 खरीद मोड | |
|---|---|---|---|---|
| **वित्त वर्ष** | **ऑर्डर मात्रा** | **ऑर्डर मूल्य (करोड़ में)** | **ऑर्डर मात्रा** | **ऑर्डर मूल्य (करोड़ में)** |
| वित्त वर्ष-16-17 | 514 | 190.44 | 5,770 | 231.59 |
| वित्त वर्ष-17-18 | 17,361 | 2,231.43 | 355,263 | 3,645.10 |
| वित्त वर्ष-18-19 | 68,422 | 9,009.78 | 1,265,444 | 8,451.83 |
| वित्त वर्ष-19-20 | 151,615 | 14,832.24 | 2,029,973 | 8,083.98 |
| वित्त वर्ष-20-21 | 180,777 | 28,207.53 | 2,394,305 | 10,363.04 |
| वित्त वर्ष-21-22 | 425,315 | 93,112.26 | 2,891,139 | 13,398.00 |
| वित्त -22-23 (20/03/23 तक) | 594,250 | 166,028.11 | 4,085,506 | 15,454.80 |

जीईएम पोर्टल पर राज्यवार ऑर्डर मात्रा/वैल्यू

| वित्त वर्ष | कुल | | वित्त वर्ष-16-17 | | वित्त वर्ष-17-18 | | वित्त वर्ष-18-19 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य | ऑर्डर मात्रा | ऑर्डर मूल्य ( ₹ करोड़ में ) | ऑर्डर मात्रा | ऑर्डर मूल्य ( ₹ करोड़ में ) | ऑर्डर मात्रा | ऑर्डर मूल्य ( ₹ करोड़ में ) | ऑर्डर मात्रा | ऑर्डर मूल्य ( ₹ करोड़ में ) |
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 95,305 | 474.09 | 3 | 0.08 | 912 | 6.32 | 2,160 | 32.73 |
| आंध्र प्रदेश | 3,411 | 1,407.96 | 30 | 8.60 | 361 | 76.27 | 852 | 294.11 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1,909 | 316.27 | 3 | 0.44 | 293 | 27.49 | 513 | 68.30 |
| असम | 6,096 | 1,622.89 | 1 | 0.07 | 51 | 19.94 | 528 | 68.20 |
| बिहार | 84,834 | 5,266.60 | - | - | 41 | 7.31 | 5,858 | 438.60 |
| चंडीगढ़ | 108,339 | 2,394.64 | 9 | 1.06 | 733 | 19.41 | 5,152 | 145.61 |
| छत्तीसगढ | 104,244 | 2,434.36 | 28 | 2.56 | 5,561 | 221.95 | 27,986 | 615.65 |
| दादरा और नगर हवेली | 5,883 | 73.43 | - | - | 62 | 0.96 | 740 | 8.78 |
| दमन और दीव | 8,221 | 108.50 | - | - | 536 | 8.20 | 1,358 | 20.93 |
| दिल्ली | 818,156 | 6,413.74 | 151 | 7.21 | 33,419 | 168.97 | 150,834 | 629.94 |
| गोवा | 1,361 | 90.05 | 1 | 0.07 | 28 | 4.17 | 44 | 2.69 |
| गुजरात | 682,558 | 14,891.18 | 48 | 3.95 | 1,538 | 81.83 | 21,840 | 935.24 |
| हरियाणा | 88,329 | 1,735.12 | 53 | 5.46 | 2,487 | 73.98 | 10,640 | 173.67 |
| हिमाचल प्रदेश | 40,307 | 783.22 | 14 | 0.98 | 224 | 12.09 | 2,862 | 95.78 |
| जम्मू और कश्मीर | 535,531 | 4,460.13 | 66 | 2.77 | 1,170 | 54.70 | 2,680 | 120.59 |
| झारखंड | 74,021 | 2,524.09 | 28 | 5.52 | 5,600 | 137.11 | 13,060 | 255.83 |
| कर्नाटक | 16,332 | 2,313.42 | 82 | 9.78 | 748 | 88.87 | 909 | 91.68 |
| केरल | 40,814 | 1,300.53 | 59 | 8.07 | 452 | 37.88 | 1,381 | 97.05 |
| लद्दाख | 14,418 | 276.82 | - | - | - | - | - | - |
